उत्तराखंड की 22 महिलाओं व किशोरियों को तीलू रौतेली सम्मान

drishtiias.com/hindi/printpdf/tilu-rauteli-awards

चर्चा में क्यों?

08 अगस्त, 2021 को उत्तराखंड सरकार ने राज्य की कुल 22 महिलाओं व किशोरियों को 'तीलू रौतेली सम्मान' से सम्मानित किया है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को वीरबाला तीलू रौतेली के नाम पर प्रतिवर्ष यह पुरस्कार दिया जाता है। इसकी शुरुआत 2006 में हुई थी।
- इसके तहत राज्य सरकार 31 हज़ार रुपये व प्रशस्ति पत्र देती है। यह पुरस्कार राशि 2022 से बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दी गई है।
- विभिन्न क्षेत्रों के पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी हैं-
    - **खेल:** वंदना कटारिया (हरिद्वार), रुचि कालाकोटी (बागेश्वर), कनिका भंडारी (अल्मोड़ा)।
    - **सामाजिक कार्य:** अनुराधा वालिया (देहरादून), उमा जोशी (ऊधमसिंह नगर), दीपिका बोहरा एवं चीपिका चुफाल (पिथौरागढ़), रेनू गड़कोटी (चंपावत)।
    - **कोविड संबंधी कार्य:** चंद्रकला तिवारी (चमोली), पार्वती किरौला (नैनीताल), बबीता पुनेठा (पिथौरागढ़)।
    - **स्वरोजगार:** ममता मेहता (बागेश्वर), अंजरा रावत (पौड़ी), भावना शर्मा (अल्मोड़ा)।
    - **शिक्षा व महिला जागरुकता:** डॉ. राजकुमार भंडारी चौहान (देहरादून)।
    - **शिक्षा, अनुसंधान व विकास:** डॉ. कंचन नेगी (देहरादून)।
    - **महिला स्वास्थ्य व पोषण:** नमिता गुप्ता (ऊधमसिंह नगर)।
    - **एनजीओ:** बिंदुवासिनी (ऊधमसिंह नगर)।
    - **पर्वतारोहण:** रीना रावत (उत्तरकाशी)।
    - **बालिका शिक्षा:** रेखा जोशी (पिथौरागढ़)।
    - **कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन:** पूनम डोभाल (टिहरी)।
    - **महिला स्व-सहायता समूह:** श्यामा देवी (देहरादून)।